# प्रपत्र–1

**परियोजना का नाम:–**जनपद नैनीताल में स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के नियंत्रणाधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान हल्द्वानी का विस्तारीकरण करते हुए ''राज्य कैंसर संस्थान'' तथा ''संक्रमण रोग चिकित्सालय'' की स्थापना किये जाने हेतु 4.25 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि का हस्तान्तरण।

## प्रतिवेदन

(परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

स्वामी राम स्मारक कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान उत्तराखण्ड के सम्पूर्ण कुमांयू क्षेत्र एवं निकटतम उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की जनता को विगत 12 वर्षों से कैंसर रोग की चिकित्सकीय सेवाऐं प्रदान कर रहा है। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में इस चिकित्सालय को कुमांयू क्षेत्र के समस्त राजकीय चिकित्सालय हेतु रेफरल सेन्टर घोषित किया गया, अपितु कैंसर रोग के निदान हेतु अतिविशिष्ट सेवाऐं उपलब्ध न होने के कारण अक्सर मरीजों को अत्यधिक दूरीयां तय करते हुए इलाज हेतु राज्य से बाहर जाना पडता है। अतः केन्द्र सरकार द्वारा स्वामी राम स्मारक कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान का लगभग 2.25 हे0 वन भूमि में विस्तारीकरण करते हुए इसको राज्य कैंसर संस्थान के रूप में विकसित किये जाने हेतु वित्तपोषण किया गया है। जिसके फलस्वरूप कैंसर के उपचार से सम्बन्धित अतिविशिष्ठ सेवाऐं प्रारम्भ हो सकेंगी। इसके अतिरिक्त कोविड–19 जैसी महामारी/संक्रमण के दृष्टिगत् 210 शैय्याओं के संक्रमण रोग चिकित्सालय का निर्माण लगभग 2.0 हे0 वन भूमि में किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त संस्थान चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के नियन्त्रणाधीन राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिनमें एम.बी.बी.एस., एम.डी./एम.एस., बी.एस.सी. नर्सिंग इत्यादि पाठ्यक्रम सम्मिलत हैं। उत्तराखण्ड राज्य में कैंसर उपचार की अतिविशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्वास्थ्य शिक्षण–प्रशिक्षण के लक्ष्य को प्राप्त किये जाने हेतु राज्य सरकार की उच्चतम प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए स्वामी राम स्मारक कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान का विस्तारीकरण कर ''राज्य कैंसर संस्थान'' की स्थापना किया जाना अतिआवश्यक परियोजना है, जिसके द्वारा राज्य में कैंसर रोग के निदान हेतु समस्त अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा–परामर्श एवं उपचार उचित दरों पर मिल सकेगा। साथ ही साथ राज्य के गरीबी मेघावी छात्र छात्राओं को मेडिकल–स्नातक एवं स्नात्कोत्तर शिक्षण–प्रशिक्षण में बढावा मिलेग। वर्तमान में कोविड–19 जैसी महामारी को बचाव/रोकने के लिए पृथक से ''संक्रमण रोग चिकित्सालय'' का निर्माण किया जायेगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार के रोगों हेतु राज्य सरकार के पास पूर्व से ही समस्त संसाधन मौजूद हो सकेंगे, तथा राज्य के चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के वृहद हितों का विकास एवं संरक्षण हो सकेगा।

स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान का विस्तारीकरण करते हुए ''राज्य कैंसर संस्थान'' एवं ''संक्रमण रोग चिकित्सालय'' की स्थापना हेतु कुल 4.25 हेक्टेयर वन भूमि का संवैधानिक हस्तान्तरण राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी (चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन) को किया जाना है, इसलिए यह वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रयोक्ता एजेन्सी के हस्ताक्षर
नामः डॉ0 चन्द्र प्रकाश भैंसोड़ा
प्राचार्य
राजकीय मेडिकल कॉलेज
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड